>

Title: Need to replicate affordable health policy started in Karnataka and Tamil Nadu.

**श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर):** सभापति जी, हमारे देश की आबादी करीब सवा करोड़ है। समाज के वंचित लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी सबसे बड़ी चिंता है। जिस तरह सरकार ने राइट टू एजुकेशन और राइट टू इंफार्मेशन को लागू किया है, वैसे ही राइट टू हैल्थ केयर को भी लागू करना चाहिए। तब जाकर समाज के हर तबके को स्वास्थ्य सुविधा मिल पाएगी। सरकार के साथ निजी क्षेत्र की जो कम्पनीज स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं, उन्हें सस्ती कीमत पर यह सुविधा लोगों को उपलब्ध करानी चाहिए। इसलिए सरकार को एफोर्डेबल हैल्थ पालिसी अविलम्ब लागू करनी चाहिए। इस तरह की पालिसी कर्नाटक और तमिलनाडु में वहां की प्रदेश सरकारें लागू कर चुकी हैं। इसलिए पूरे देश में ऐसी पालिसी को जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि गरीबों के इलाज की समुचित व्यवस्था हो सके।

**डॉ. संजीव गणेश नाईक (ठाणे):** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण बात सदन में उठाना चाहता हूं कि यमुना रक्षक दल की ओर से यमुना बचाओ आंदोलन चलाया जा रहा है। हजारों की तादाद में यमुना माता के भक्तगण दिल्ली आ रहे हैं। यह पर्यावरण विभाग से जुड़ा हुआ मसला है। हमारे आदरणीय रघुवंश बाबू जी भी इस विषय में बताएंगे। उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सरकारों को बुलाकर इस गंभीर विषय पर निर्णय देने के लिए आदेशित करें, ऐसी मैं सरकार से विनती करता हूं।1

MR. CHAIRMAN :

Shri Rajendra Agrawal and

Shri Arjun Ram Meghwal are permitted to associate with the matter raised by Dr. Sanjeev Ganesh Naik.